हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

13 आंगनबाड़ी सकरी में मनाया गया वजन त्योहार



12 परिश्रम अनुशासन और धैर्य सफलता ...





## खबर संक्षेप

### ठगी कांड में सरसीवां पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई



**मुड़पार सरसीवां।** रायकोना के शिवा साहू ठगी कांड में सरसीवां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंक कर्मचारियों की साठगांठ का खुलासा किया है। पुलिस ने एचडीएफसी बैंक की सारंगढ़ और बिलाईगढ़ शाखा के कुल 6 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। मामला होल्ड खाते से फर्जी लेटर पैड लगाकर अवैध रूप से राशि आहरण से जुड़ा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया कि महाठग शिवा साहू के होल्ड खाते से 10 लाख रुपये और उसकी कथित मंगेतर रितु साहू के खाते से 21 लाख रुपये की अवैध निकासी की गई थी। इस फर्जीवाड़े में बैंक के कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका पाई गई है। गिरफ्तार आरोपियों में एचडीएफसी बैंक सारंगढ़ शाखा के अभिषेक जायसवाल, दिनेश अनंत और पूजा मानिकपुरी शामिल हैं, जबकि एचडीएफसी बैंक बिलाईगढ़ शाखा से टीकाराम साहू, हनुमंत राव टंडन और प्रमोद देवांगन को गिरफ्तार किया गया है।

### तुमगांव में मड़ई मेला आज

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के हृदय स्थल बांग्लापारा नीम चौक में 11 फरवरी बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष बलराम कांत साहू होंगे। अध्यक्षता अमर चंद्राकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि महासमुंद नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू होंगे।

### पान दुकान से शराब बरामद, बुजुर्ग गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर के एक पान दुकान से पुलिस ने शराब बरामद किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद ग्राम सिंघनपुर स्थित एक पान ठेला के पास पहुंचकर, जहां एक संदेही व्यक्ति पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम गाडा राय बढई पिता परसु बढई (66 साल) ग्राम मोहका थाना बसना बताया। आरोपी के कब्जे से 04 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब कीमती 800 रुपए को बरामद किया गया।

### गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** शहर के नयापारा में एक व्यक्ति के साथ उसके पड़ोसी ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 11 दलदली रोड नयापारा महासमुंद निवासी दिनेश मानिकपुरी के घर के सामने 09 फरवरी को उसका पड़ोसी बिसौहा यादव गाली गलौज कर रहा था, जिस पर प्रार्थी ने उसकी पत्नी तिजिया यादव से अपने पति को समझाने कहा। इस पर आरोपी बिसौहा यादव ने आकर गालियां देते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी दी।

### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** सरायपाली में एक युवक से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अजयदास मानिकपुरी ने बताया कि वह फास्ट फूड बेचने का काम करता है। 9 फरवरी को वह अपने काम से ग्राम हर्राटार की ओर जा रहा था। दोपहर लगभग 3:30 बजे हर्राटार जाने वाले रास्ता में हनुमान मंदिर के पास उसके मोहल्ले का टीकम दास मानिकपुरी मिला, जो उसके फास्ट फूड ठेला में काम करता है ने कहा कि तुम बहुत पैसा कमाते हो और मुझे कम पैसा देते हो। ऐसे कहकर वह गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा।

# बेलगाम यातायात और सकरी सड़कें बनीं मुसीबत, हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शहर का सबसे व्यस्ततम चौक नया बस स्टैण्ड चौक मे हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके चलते आवाजाही करने वालो को भारी तकलीफों का सामना करना पडता है वहीं अंजाने दुर्घटना का भय हमेशा बना रहता है नया बस स्टैण्ड के पास ही ओवर ब्रिज भी बना हुआ है जिसकी ढालना सीधे चौक मे आकर खतम होती है जिसके चलते ओवर ब्रिज की ओर से बस स्टैण्ड की ओर आने वाले वाहनो की गति व आमजनो की सुरक्षा की कोई समुचित व्यवस्था नही होने से चौक क्रास करने के दौरान हमेशा डर की स्थिति बनी रहती है ,कि अगर किसी भारी वाहन की गति नियंत्रित नही हुई तो कभी भी कोई भी दुर्घटना घट सकती है इसके पूर्व यहां हादसे हुए है जिसमे भारी वाहन मे आयी खराबी के चलते नियंत्रित नही हो पाया जिससे एक आटो ई रिक्शा चालक की मौत व कुछ लोग घायल भी हुए वहीं कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए। इस चौक से सुबह से लेकर रात तक हमेशा भारी वाहनो की आवाजाही हमेशा बनी रहती है जिसके कारण यहां हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है वही यातायात पुलिस विभाग के द्वारा ट्रैफिक नियंत्रण के तैनात रहते हैं किन्तु जो स्थिति वहां की रहती उसे देख ऐसा लगता है कि वे भी लाचार हो जाते है क्योंकि चौक की सडक इतनी सकरी हो गई है ▶▶ शेष पेज 11 पर

## नया बस स्टैंड चौक पर मंडरा रहा हादसों का साया



### प्रमुख सडक पर यातायात का भारी दबाव

शहर में यातायात व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा है। जिससे आम नागरिक हलाकान हैं, खासकर रेलवे स्टेशन से लेकर सदर बाजार गोविंद चौक, पंचायती मंदिर, जैन मंदिर, सती मंदिर, होते हुए कॉलेज मार्ग की ओर जाने वाली प्रमुख सडक पर सुबह से देर रात तक हॉलात खराब हैं। ज्यादातर समय में सदर बाजार में छोटे - बड़े सभी प्रकार के भारी वाहन बेखौफ आ जा रहे हैं। जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार रेलवे फाटक हटरी बाजार अंडरब्रिज के पास से अनाज लाईन होकर गोविंद चौक, रामसप्ताह चौक होते हुए जय स्तंभ चौक की ओर जाने वाली प्रमुख सडक पर भी यातायात का भारी दबाव मौजूद हैं। लेकिन इस समस्या का निराकरण अब तक नहीं किया जा सका है। शहर के तमाम सडकों पर अवैध रूप से दुकान के सामान साईन बोर्ड, विज्ञापन बोर्ड व अन्य सामान रखे जाने से सडक की चौड़ाई कम हो रही है व यातायात में बाधा उत्पन्न हो रहा है। शहर में गिनती के ट्रैफिक बल से स्थिति सुधर नहीं रहा है।

## अभियान : कलेक्टोरेट में अधिकारी कर्मचारियों ने किया दवा सेवन

# फाइलेरिया अभियान का शुभारंभ दवा का सामूहिक सेवन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान अंतर्गत दवा सेवन कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को सामूहिक दवा सेवन गतिविधि की शुरुआत जिले में हुईं। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सामूहिक रूप से दवा सेवन कर अभियान में सहभागिता की।

कलेक्टर सोनी ने समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए गिरौदपुरी मेला की तैयारी हेतु सबंधित अधिकारियो को जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने सभी तैयारियां 18 फ़रवरी तक पूरा करने कहा। उन्होंने बताया कि मेले में सुदृढ़ क़ानून -व्यवस्था हेतु राज्य स्तर से राज्य प्रशासनिक सेवा के 22 अधिकारियो की ड्यूटी लगाई जा रही है। मेला स्थल में इस बार 50 सीसीटीवी कैमरा, साफ - सफाई के लिये सहायता समूह, स्वच्छाग्रही एवं नगर पालिका की सफाई ▶▶ शेष पेज 11 पर



### अभियान में लापरवाही होने पर कार्रवाई की जाएगी

कलेक्टर सोनी ने कहा कि फ़ाइलेरिया बीमारी को जड़ से समाप्त करने की इस राष्ट्रीय अभियान में सभी अपनी सहभागिता दें। दवा को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित कार्यकर्त्ता की उपस्थिति में ही खिलाएं।इस हेतु टीम गठन,बूथ का चिन्हांकन, प्रशिक्षण, दवाई की व्यवस्था जैसी जरूरी तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं।। कलेक्टर द्वारा अभियान की कड़ाई से निगरानी की भी बात कही। अभियान में लापरवाही होने पर कार्यवाही भी की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक ज़ारी रहने वाले इस सामूहिक दवा सेवन गतिविधि में आरंभ के तीन दिन बूथ वार दवाई का सेवन कराया जाएगा। 13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर दवाई सेवन कराएगी जबकि 23 से 25 फरवरी के बीच मॉप अप राउंड में छूटे हुए लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जायेगा।

### फाइलेरिया उन्मूलन दवा सेवन अभियान शुरू



**हथबंद।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक गतिविधि के तहत फाइलेरिया हाथीपांव उन्मूलन हेतु दवा सेवन अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र के नागरिकों को फाइलेरिया से बचाव के लिए दवाइयां खिलाई जा रही हैं। इस अवसर पर डॉ. डीपी वर्मा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डॉ. टी. एनजन आरएमडी, डॉ. आरडीएस यादव, एस. देवनाथ, डॉ. हेमेन्द्र वर्मा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सरोज साहू, चितरंजन ध्रुव जेएसए, डॉ. कुरैशी, डॉ. हीरऊ साहू, एल. नन्द सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, प्रेमलता नर्सिंग ऑफिसर, आपथेल्मिक ऑफिसर गायत्री, योगेन्द्र वर्मा, एमएलटी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंतर्गत मितानिन के सविता, रुक्मणी, सविता, उमा दुबे, एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कादंबरी शुक्ला ने अभियान को सफल बनाने में भूमिका निभाई। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पात्र नागरिकों को आइवरमेक्टिन एवं एल्बेंडाजोल दवाइयां दी जा रही हैं। यह अभियान 10 से 25 फरवरी तक लगातार संचालित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में दवा का सेवन अवश्य करें और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से स्वयं एवं समाज को सुरक्षित बनाने में सहयोग करें। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है, जिससे इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सके।

# नगर में सघन चेकिंग और जागरूकता अभियान का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में महिला एवं बाल सुरक्षा हेतु टीम शक्ति का गठन किया गया है, जिसका मूल उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, उनके विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम, उन्हें त्वरित सहायता प्रदान करना और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कराना है। उक्त उद्देश्यों के तहत 9 फरवरी को सायं 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक बलौदाबाजार के विभिन्न शिक्षण संस्थान, भीडभाड वाले क्षेत्र एवं सुनसान इलाकों में पेट्रोलिंग, चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। एसडीओपी बलौदाबाजार ▶▶ शेष पेज 13 पर

- एसडीओपी के साथ महिला टीम ने नगर के विभिन्न क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर दी आकस्मिक दबिश

### ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग

तत्पश्चात टीम शक्ति द्वारा नगर के सदर मार्केट, शक्तिनगर, पिपरिया तालाब, चौपाटी, रायपुर रोड ब्रिज के नीचे संदिग्ध व्यक्तियों एवं अकारण घूमने वाले, बैठने वाले लोगों की आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से उन इलाकों में घूमने, बैठे रहने आदि का कारण पूछते हुए उन्हें अपने घर जाने एवं ऐसे सुनसान इलाकों में फिर कभी नहीं घूमने का हिदायत दिया गया। इसके साथ ही /"टीम शक्ति/" द्वारा स्कूल/कालेज परिसर के आसपास बेवजह घूमने वाले लोगों को भविष्य में कड़ी कार्रवाई किये जाने हेतु चेतावनी दिया गया। तत्पश्चात /"टीम शक्ति/" द्वारा यातायात की टीम के साथ मिलकर स्कूल/कालेज परिसर एवं शहर के प्रमुख मार्गों में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग भी किया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन कर तीन सवारी चलने वाले कुल 08 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में /"टीम शक्ति/" द्वारा संपूर्ण जिले में पेट्रोलिंग करते हुए आकस्मिक चेकिंग एवं जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा।

# विदाई समारोह में रील्स के लिए स्टंट करना पड़ा भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार









पिछले हफ्ते वायरल वीडियो एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पता चला कि स्वामी आत्मानंद स्कूल कसडोल के कुछ छात्रों द्वारा शाला विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान सड़क मार्ग एवं स्कूल परिसर में यातायात नियमों का उल्लंघन कर, खतरनाक तरीके से चार पहिया वाहनों से स्टंट किया जा रहा था। इस दौरान खतरनाक स्टंट करते हुए वाहनों में कई अवयस्क छात्र भी शामिल थे। कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा वायरल वीडियो में खतरनाक स्टंट करते हुए दिख रहे अनावेदकों पर कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी कसडोल को आवश्यक निर्देश दिया गया।

प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुए संबंधित वाहन चालक/मालिकों के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक तरीके से वाहन चालन करने की धाराओं के तहत कुल 04 अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत भी कार्रवाई किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की युवा वर्गों से खास अपील- ऐसे किसी भी खतरनाक स्टंट आदि में ना पड़े। ऐसा कोई भी कृत्य आपके लिए खतरनाक हो सकता है। इस दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना घटित होने से जीवन भर के लिए आपके परिजनों के लिए यह दुखद अनुभव ▶▶ शेष पेज 13 पर

### 4 वाहनें जब्त, 12 नाबालिगों सहित 16 युवकों पर गिरी गाज

उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 10.02.2026 को उक्त वायरल वीडियो एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज़ के आधार पर पहचान करते हुए संबंधित वाहनों के 04 वाहन चालक/मालिक एवं 12 अवयस्क बालक सहित कुल 16 लोगों को पकड़ा गया जिनसे पूछताछ करने पर इन सभी के द्वारा स्कार्पियो एवं कार आदि में सवार होकर खतरनाक स्टंट करना स्वीकार किया गया। पकड़े गए सभी 12 अवयस्क बालक के परिजनों को थाना कसडोल बुलाकर, उनके माध्यम से इन अवयस्क सभी बालकों को कड़ी फटकार लगाया गया एवं भविष्य में कभी भी ऐसा नहीं करने की उनके परिजनों द्वारा कडी चेतावनी भी दिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा 04 चारपहिया जब्त किया गया है। वाहन चालकों में शुभम चेलक 19 वर्ष निवासी कसडोल, आदित्य कुमार कश्यप 19 वर्ष निवासी ग्राम भदरा, विकास साहू 22 वर्ष निवासी कसडोल और गजाधर साहू उम्र 45 वर्ष निवासी कसडोल शामिल हैं।

# 43 पौवा गोवा और 7 लीटर महुआ शराब जब्त, दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार के मार्गदर्शन में थाना लवन पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड कार्रवाई लगातार जारी है। 9 फरवरी को थाना लवन से सउनि देवनाथ माथुर, महिला पुलिस, आरक्षक अजय बंजारे, भूपेन्द्र गुप्ता, भुवनेश्वर कोसले, वीरेंद्र साहू की पुलिस टीम द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया आत्माराम नवरंगे पिता लाल दास नवरंगे 35 वर्ष निवासी ग्राम धाराशिव थाना लवन को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 7 लीटर कच्ची हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 1400 रुपए जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश न्यायिक रिमाण्ड लिया गया है। इसी प्रकार अवैध रूप शराब बिकी करने ग्राम जुड़ा निवासी पुरुषोत्तम वर्मा ▶▶ शेष पेज 13 पर

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से दाम्पत्य बंधन में बंधे 200 जोड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कृषि उपज मंडी प्रांगण सारंगढ़ में 200 जोड़ों ने सामूहिक विवाह का किया। जिसमें बिलाईगढ़ क्षेत्र के अनेक जोड़े की शादी हुए। अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, पालक ने वर वधू को आर्शीवाद प्रदान किया। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सभी वर वधु को विवाह की बधाई और शुभकामनायें देते हुए कहा कि, यह शुभ घड़ी है। सभी वैवाहिक जीवन में खुश रहें, खुशहाल रहें। भगवान सबका कल्याण करें। 200 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे हैं। समाज में विवाह के खर्च ▶▶ शेष पेज 13 पर

## प्रदेश में चारों तरफ समृद्धि की बयार बह रही है : टंकराम वर्मा

# डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मंगलवार को विकासखंड सिमगा के ग्राम खिलौरा पहुंचे। प्रथम खिलौरा आगमन पर राजस्व मंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। मंत्री श्री वर्मा ने ग्राम खिलौरा में लगभग डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इसमें 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित प्रार्थना शेड,1 करोड़ 2 लाख रुपए की लागत से पानी टंकी,3 लाख रुपए की लागत से निर्मित रंगमंच उन्नयन कार्य और 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित मुक्ति धाम अहाता और 5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन (बाल समाज) का लोकार्पण तथा 10 लाख और 9.85 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले पीडीएस भवन का भूमिपूजन कार्य शामिल हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के हर नागरिक के विकास के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। पूरे प्रदेश में विकास के कार्य तेज गति से चल रहे है, सभी के लिये योजनाएं संचालित है जिसका लाभ मिलने से लोग खुश है। प्रदेश में चारों तरफ समृद्धि की बयार बह रही है। उन्होंने उपस्थित स्कूली बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, जिला पंचायत सदस्य दीप्ती गोविंद वर्मा, नर्मदा जीवन साहु सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दो लाख रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद**। दुर्घटना में मृतक के परिजन को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दो लाख रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-53 में टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में ग्राम लोहारडीह निवासी नेहरू यादव की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी माता शिखा यादव को दो लाख रुपये की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद**। प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 2 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुनगासेर के मृतक मनीष बरिहा की माता नर्मदा बरिहा के लिए एवं आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोल्दा के मृतक सदानंद चक्रधारी की पत्नी गायत्री चक्रधारी के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### तीन दिवसीय श्रीश्याम फागुन महोत्सव 17 से

**पिथौरा (ग्रामीण)**। स्थानीय अग्रसेन भवन में श्री श्याम सेवा समिति पिथौरा, तेंदूकोना एवं भुरकोनी के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह भक्तिमय आयोजन पिथौरा नगर में 11वीं बार आयोजित किया जा रहा है।

### तुषार ने दिनमनी पटेल का किया सम्मान



**महासमुंद**। ग्राम जोरातराई में वरिष्ठ जनसंघ भाजपा नेता वैद्यराज दिनमनी पटेल से भेंट मुलाकात करने उनके निवास पहुंचे राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू ने दिनमनी का भगवा गमछा श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सड़क हादसे में एक की मौत, 2 घायल

**सांकरा**। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 में बीती रात 9 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 2 व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। दुर्घटना का कारण अज्ञात है। पुलिस द्वारा जांच जारी है। मृतक का नाम उमेश पिता तेजकुमार यादव ग्राम बेलारी, थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार का बताया जा रहा है। सांकरा क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के पीछे नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने की बात सामने आ रही है। यह एक गंभीर समस्या के तौर पर सामने आ रही है।

---

**आयोजन : हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक साव**

# परिश्रम अनुशासन और धैर्य सफलता की पहली सीढ़ी : इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

समीपस्थ ग्राम बनसांकरा के हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में एवं ग्राम सरपंच पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्राचार्य आर के ध्रुव एवं शिक्षकों द्वारा विधायक सहित सभी अतिथियों का फूल माला एवं बुके भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक साव ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा परिश्रम और आत्मविश्वास को मंच देने का अवसर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए निरंतर परिश्रम अनुशासन और धैर्य आवश्यक है। लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदार हो तो कोई भी छात्र अपनी मंज़िल अवश्य प्राप्त कर सकता है।




विधायक साव ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि वे भी सरकारी विद्यालय में पढ़े हैं जहाँ सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षकों के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि स्कूल का समय जीवन की सबसे मजबूत नींव होता है। यहीं से संस्कार अनुशासन और संघर्ष की सीख मिलती है जो आगे चलकर जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बचने, समय का सदुपयोग करने तथा पढ़ाई के



साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच की मांग पर विधायक इन्द्र साव ने विद्यालय परिसर में साइकिल स्टैंड एवं प्रार्थना शेड निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने शिक्षकों के सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षक दीपक की तरह स्वयं जलकर बच्चों के जीवन को प्रकाशित करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन परिश्रम और ईमानदारी को अपनाकर किसी भी परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।

वहीं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम सरपंच राहुल ठाकुर ने सभी अतिथियों ग्रामीणजनों एवं पालकगणों के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर पूर्व पार्षद सुनीता यादव, चंद्रकला साहू, पूर्व जनपद सदस्य गंगा ओगरे, कोमल टंडन, दिनेश साहू, लाला वर्मा, मनोज टोंडे, सरपंच हेमंत वर्मा, भागवत मिरी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण, ग्रामीणजन एवं पालक गण उपस्थित रहे।

---

# आम रास्ते पर अवैध निर्माण, ग्रामीणों ने की शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिला मुख्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में पिथौरा तहसील के ग्राम ढाबाखार से आए ग्रामीणों ने एक गंभीर जनसमस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। ग्रामीणों ने गांव के एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक गली (आम रास्ते) पर किए जा रहे अतिक्रमण और अवैध भवन निर्माण को रोकने के लिए कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा।

ग्राम ढाबाखार (प.ह.नं. 43) के निवासी उत्तर कुमार साव, अजय साहू, मुनेश्वर साहू, लोकेश्वर सिदार, निरंजन जगत और अशोक कानूनगो सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही विजय सिदार पिता घसिया सिदार द्वारा आबादी भूमि खसरा नंबर 326 की



सार्वजनिक गली पर अतिक्रमण किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पहले इस गली पर एक पक्की का निर्माण किया था। उस समय रास्ता थोड़ा संकरा जरूर हुआ था, लेकिन ट्रैक्टर और अन्य वाहनों के आने-जाने के लिए जगह बची थी। इसलिए, ग्रामीणों ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए कोई बड़ी आपत्ति दर्ज नहीं की थी। ग्रामीणों मांग की है कि सार्वजनिक गली पर हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल रोका जाए। अब तक किए गए निर्माण या संरचना को हटाकर रास्ता साफ किया जाए। राजस्व विभाग की टीम भेजकर मौके की जांच कराई जाए।

---

# हायर सेकंडरी में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रिसदा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में कक्षा 11 वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं के सीनियर छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। स्वागत गीत की प्रस्तुति के बीच विद्यालयीन शिक्षक शिक्षिकाओं एवं वरिष्ठ छात्र छात्राओं का स्वागत तिलक रोली लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया।

कक्षा 11 वीं के छात्राओं नीतू यामिनी एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत पर आधारित सामूहिक नृत्य ने उपस्थित लोगों में देशहित का भाव संचालित किया। पीतांबर, भावेश डेविड व साथियों द्वारा आंचलिक नृत्य राउत नाचा की शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम में शमा बांधा। उमा, विद्या खुशबू किरण और साथियों द्वारा डांडिया नृत्य की मनभावन प्रस्तुति ने विदाई समारोह को बेहद यादगार बनाया। वरिष्ठ छात्र छात्राओं के लिए आकर्षक



मनोरंजक एवं बौद्धिक प्रतिस्पर्धाओं, पेपर डांस, लड़कों द्वारा साड़ी पहनना, आंखों पर पट्टी बांधकर वस्तुओं को पहचानना, अपने पार्टनर को क्लू देकर सही शब्द बोलना सहित हास्य वर्धक खेल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के समापन सत्र में कक्षा 12 वीं के छात्रों द्वारा कक्षा 11 वीं के छात्रों को दीपदान कर भारतीय संस्कृति एवं शालेय अनुशासन और परंपरा का स्मरण कराया। दिाई में शिक्षकों ने आगामी बोर्ड एवं स्थानीय परीक्षाओं विद्यालय में व्यतीत किए गए लम्हों को दिल में बसाकर अपने उत्कृष्ट करियर निर्माण पर ध्यान देने का आह्वान किया। आयोजक कनिष्ठ छात्र छात्राओं ने अपने सीनियर्स को स्मृति चिन्ह भेंट कर अपने छात्र जीवन के स्नेहिल संबंधों को और भी प्रगाढ़ किया। विदाई में धनराज मिस्टर इंटेलेक्चुअल और प्रीति मिस इंटेलेक्चुअल चुने गए। चंद्रप्रकाश - मिस्टर इंटेलेक्चुअल (रनर अप) कु. मेघा मिस इंटेलेक्चुअल (रनर अप) बने। प्रभात - मिस्टर ट्वेल्थ 2025.26 एव राधा - मिस ट्वेल्थ 2025 26 चुने गए। विदाई कार्यक्रम का संचालन पूर्वेंद्र वर्मा, काजल, आकांक्षा ने मिलकर किया। विदाई में संस्था प्रभारी प्राचार्य पार्वती वर्मा, शिक्षकगण अनिल बंजारे, दीपचंद बंजारे रूपनारायण साहू, रमेश नेगी, भावेश सेन, नंदकुमार मल्होत्रा, इंद्रकुमार कोसले, परस साहू, धर्मेंद्र खरे, सनत खरे, भारती ऊके, अर्चना वर्मा, प्रीति जलहरे, विद्या साव, महादेवी वर्मा, गरिमा पैकरा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

---

# महासमुंद-तुमगांव रोड निर्माण कार्य में लापरवाही की शिकायत, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शहर के तुमगांव रोड पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क और नाली निर्माण कार्य में भारी अनियमितता के आरोप लगाते हुए स्थानीय निवासी धनेश्वर प्रसाद साहू ने इस संबंध में उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर काम की गुणवत्ता और तकनीकी खामियों पर सवाल उठाए हैं। लेकिन, कथित कांग्रेसी नेता की ठेकेदारी के चलते कांग्रेसी नेता के अधिकारी पुत्र द्वारा कार्रवाई में हीला हवाला किया जा रहा है।

शिकायतकर्ता के अनुसार,



निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों और तकनीकी रिपोर्ट के अनुसार नहीं किया जा रहा है। पत्र में आपत्ति जताई गई है जिसमें नाली को एक सीधी रेखा में होने के बजाय टेढ़ा-मेढ़ा (सर्पाकार) किया गया है, जिससे भविष्य में पानी की निकासी प्रभावित होगी। सड़क और नाली की ऊंचाई में तालमेल नहीं है। कई स्थानों पर नाली को बिना खुदाई किए काफी ऊंचाई में बना दिया गया है, जिससे आम नागरिकों को अपने ही घरों में आने-जाने और सार्वजनिक निस्तार में समस्या हो

**चैंबर निर्माण में नियम विरुद्ध कार्य**

कवर्ड नाली के ऊपर स्लैब ढलाई के दौरान चैंबर के लिए छोड़ी गई दूरी में नियमों का पालन नहीं किया गया है। शारदा मंदिर के पास पेट्रोल पंप और शिकायतकर्ता के घर के सामने बनी नाली की गहराई और ऊंचाई में काफी अंतर है। शिकायत में बताया गया है कि इस समस्या को लेकर पहले भी कई बार मौखिक शिकायतें की गईं और समाचार पत्रों में खबरें भी प्रकाशित हुईं। लेकिन, विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आवेदक ने मांग की है कि तकनीकी अधिकारियों की एक समिति बनाकर पूरे निर्माण कार्य की जांच कराई जाए ताकि सरकारी धन का दुरुपयोग न हो और जनता को एक बेहतर बुनियादी ढांचा मिल सके।

---

# नशे में धुत आरक्षक सड़क पर वीडियो हुआ वायरल, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के खल्लारी थाने में पदस्थ एक आरक्षक का नशे में धुत होकर सड़क पर पड़े होने का वीडियो सोशल मीडिया वायरल है। घटना 9 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरक्षक लाल सिंह बाकरे नशे की हालत में महासमुंद के मेडिकल कॉलेज मोड़ के पास पहुंचा। शराब के नशे में आरक्षक इतना बेसुध था कि वह चलते-चलते लड़खड़ाकर एक ठेले के पास सड़क पर ही बैठ गया और वहीं अचेत हो गया। गुजरने वाले राहगीर नशे में धुत उक्त आरक्षक का वीडियो बनाते रहे। आधे घंटे बाद कुछ लोगों ने उसे



उठाया, लेकिन नशे के कारण आरक्षक चल पाने तक की हालत में नहीं था। बाद में अन्य पुलिसकर्मियों ने उसे वहां से हटाकर मेडिकल चेकअप के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरक्षक का मुलाहिजा (मेडिकल टेस्ट) कराया गया है, जिसमें उसके शराब पीने की पुष्टि हुई है। अनुशासनहीनता के इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरक्षक के खिलाफ विभागीय जांच और दंडात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

---

**10 माह में जिले में हुए कुल 27 हजार 441 आवास निर्माण कार्य पूरे**

# पीएम आवास क्रियान्वयन, जिले को राज्य में दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मात्र 10 माह की अवधि में जिले में कुल 27 हजार 441 आवासों का निर्माण पूर्ण करते हुए जिले को राज्य स्तर पर दूसरा स्थान मिला है।

जिले में निर्मित कुल 27, 441 आवासों में विभिन्न विकासखंडों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पिथौरा विकासखंड में सर्वाधिक 7, 193 आवास, बागबाहरा विकासखंड में 6, 102 आवास, महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 5, 775 आवास, सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 5, 062 आवास तथा बसना विकासखंड में 3, 309 आवासों का निर्माण



पूर्ण किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। योजना के क्रियान्वयन से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार के सतत निरीक्षण में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जनप्रतिनिधियों तथा मैदानी अमले के सतत प्रयासों, नियमित निगरानी एवं प्रभावी समन्वय के चलते यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

हितग्राहियों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता एवं निर्माण सामग्री उपलब्ध कराकर कार्यों में गति लाई गई। जिले में आवास निर्माण की इस उपलब्धि से हजारों परिवारों का पक्के मकान का सपना साकार हुआ है। लाभान्वित परिवारों ने केन्द्र एवं राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने निरंतर समन्वय के साथ क्रियान्वयन किया जा रहा है। ताकि कोई भी पात्र परिवार आवास सुविधा से वंचित न रहे।

---

# भूमिहीन कृषि मजदूर योजना से नाम कटने पर ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

**महासमुंद**। जिला के ग्राम पंचायत लोहारडीह के अंतर्गत आने वाले ग्राम उलटकोडार और परसापानी के निवासियों ने कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि वे भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के पात्र हितग्राही थे। लेकिन, बिना किसी स्पष्ट कारण के उनका नाम अब अपात्र सूची में डाल दिया गया है। ताराबाई गोड़, पंडित साहू, मोतीराम साहू, ओमबाई गोड़, हरिश चंद्र साहू, रविकुमार, मनीराम पटेल, अशोक चौहान, शत्रुधन लाल, डेरहा राम, शकुंतला, हेमराज पटेल, जानकी बाई पटेल और सालिक राम साहू के अनुसार, वे लंबे समय से इस योजना का लाभ लेते रहे हैं, या पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। हाल ही में जारी सूची में उन्हें योजना से बाहर कर दिया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उनके पास आय का कोई दूसरा बड़ा साधन नहीं है। योजना की राशि रुक जाने से उनके सामने जीवन-यापन की समस्या खड़ी हो रही है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से निवेदन किए हैं कि उनके प्रकरणों की पुनः जांच करवाई जाए। अधिकारियों द्वारा स्थल सत्यापन (मौके पर जाकर जांच) किया जाए ताकि उनकी वास्तविक आर्थिक स्थिति का पता चल सके। पात्र पाए जाने पर उन्हें फिर से पात्र सूची में शामिल किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि वे पूरी तरह से मजदूरी पर निर्भर हैं और सरकार की इस योजना से उन्हें बड़ी राहत मिलती थी। उन्हें उम्मीद है कि जिला प्रशासन उनकी समस्या पर गंभीरता से विचार करेगा।

### कंटेनर से टकराकर बाइक सवारों में एक की मौत, दो घायल

**महासमुंद**। नेशनल हाईवे 53 में पेट्रोल पंप के पहले कंटेनर से एक बाइक टकरा गई। घटना में एक युवक की मौत हो गई और दो घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम बरबसपुर के अमन निषाद ने बताया कि वह अपने पडोसी राजेश्वर निषाद और तुलसी निषाद के साथ राजेश्वर निषाद के मोटर साइकिल स्पलेंडर क्रमांक सीजी 04 एनएम 1828 से तुलसी निषाद के मां से मिलने के लिए ग्राम गोपालपुर गए थे। वापस आने के समय बाइक को राजेश्वर निषाद चला रहा था, बीच में तुलसी निषाद एवं पीछे में प्रार्थी बैठा था। एनएच 53 रोड जियो पेट्रोल पंप के पहले ग्राम कांपा में रोड में लापरवाही पूर्वक खड़े कंटेनर क्रमांक डब्लूबी 11 ई 4438 से रात करीब 7.50 बजे उनकी मोटर साइकिल पीछे से टकरा गई। एक्सीडेंट में तीनों घायल होकर वहीं गिर गए।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभा स्कूल में हुआ विदाई समारोह

**सरायपाली।** स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए विद्यालय प्रांगण में स्थित हॉल में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कक्षा 11वीं वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया था। दोपहर 12:30 बजे सभी सीनियर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य नरहरि पटनायक एवं रेणुका त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया गया। शाला नायक विवेक बंजारे ने स्कूल में बिताए अपने अनुभव साझा किए। कक्षा शिक्षक नवीन कर एवं सुधांशु पाढ़ी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में सफलता अर्जित करने प्रेरित किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन हर्षित सलूजा एवं वंशिका युववेजा ने किया।

### 12वीं के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रेमानंद भोई ने किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तनीषा साहू ने गीत एवं कामिनी, यामिनी, तनीषा, रूपा यादव, धनेश्वरी एवं रश्मि साहू ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों के आग्रह पर कक्षा बारहवीं की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा उपरांत आयोजित इस कार्यक्रम में परीक्षा से डी फोकस के उद्देश्य से एकाग्रता से संबंधित अनेक मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। अप्पी आरती, नीर दास ने कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक विद्यालयीन जीवन के अनुभव को साझा किया और अपने शिक्षकों व सहपाठियों का धन्यवाद दिया।

### सावित्रीपुर में न्योता भोज का आयोजन

**सांकरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में न्योता भोज का आयोजन विद्यालय के शिक्षक घनश्याम साहू, महेंद्र तांडी एवं जयंती सागर द्वारा अपनी-अपनी बेटियों वेदिका साहू, लिली तांडी एवं नव्या सागर के जन्मदिन पर दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पी सिदार, एसडी भोई, मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक एसएल पटेल तथा संकुल समन्वयक पीएल चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य सिदार ने अपने उद्बोधन में इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यालय में आपसी सौहार्द, संस्कार एवं पारिवारिक वातावरण को सुदृढ़ करने वाला बताया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षक साथियों को स्नेह-उपहार भी भेंट किए गए।

# नवधा रामायण में अनीता मानस मंडली वेद परसदा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा सड़क पार भाठा चौक में 30 जनवरी से आयोजित अखंड नवधा रामायण समारोह में 7 फरवरी को रामायण प्रतियोगिता कार्यक्रम एवं 8 फरवरी को दोपहर में हवन पूजन एवं शाम को सहस्त्र धारा के साथ नवधा रामायण समारोह का समापन हुआ। सहस्त्र धारा के बाद खीर पूड़ी वितरण किया गया।

30 जनवरी से आयोजित अखंड नवधा रामायण के नौवें दिन 7 फरवरी की रात्रि में रामायण प्रतियोगिता का रखा गया था। जिसमे 12 मानस मंडलियों को शामिल किया गया था। निर्णायक समिति द्वारा प्रतियोगिता में गायन संगीत वेशभूषा तबला वादक एवं टीकाकार के लिए अलग-अलग अंक रखे गए थे।श्रीराम लक्ष्मण भरत और शत्रुघ्न का निस्वार्थ प्रेम हमें सिखाता है कि पारिवारिक रिश्तों में त्याग और समर्पण से एकता बना रहता है, जहां भरत ने सिंहासन त्याग दिया और लक्ष्मण ने भाई की सेवा के लिए वनवास चुना। पुरस्कार वितरण के दौरान सरपंच शशिकला पांडे, अध्यक्ष कमलेश रजक, कोषाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, सचिव कृष्णकुमार यादव, गोपाल साहू, लाला वर्मा, भगवानी पटेल, नंदराम वर्मा, महेश्वर वर्मा, रूपेंद्र वर्मा, भोला वर्मा, माखन फेकर, हरिशंकर साहू, आनंदी साहू, भागवत वर्मा, पवन वर्मा, पीतांबर रजक, तेजा वर्मा, नारायण वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सहस्त्र धारा के बाद खीर पूरी वितरण की गई



### इन्हें मिला पुरस्कार

जिसमें प्रथम पुरस्कार अनीता मानस मंडली वेद परसदा को 10001 रुपये जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू द्वारा, द्वितीय पुरस्कार मानस मंडली कनकवीरा सारंगढ़ को 8001 रुपए लक्ष्मी किराना स्टोर्स एवं कमलेश रजक गोपाल साहू परमेश्वर साहू द्वारा, तृतीय पुरस्कार मानस मंडली चिचिरदा को 7001 रूपये रूपेंद्र वर्मा गणपति ट्रेडर्स द्वारा, चतुर्थ पुरस्कार जय भोले शंकर मानस मंडली रिसदा को 6001 रुपये विकास अग्रवाल भाजपा युवा नेता द्वारा, पंचम पुरस्कार मानस मंडली कैलाशगढ़ को 5001 रुपए सोनू वर्मा इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक द्वारा, षष्ठम पुरस्कार मारकंडे आश्रम मानस मंडली पिथौरा को 4001 रूपये सुश्री शशिकला पांडेय सरपंच मुंडा द्वारा, सप्तम पुरस्कार ओम तत्सम धाम आश्रम सोन लोहरसी को 3001 रूपये तरुण वर्मा ट्रैक्टर्स रेती गिट्टी सप्लायर द्वारा, अष्टम सुरताल मानस मंडली नयापारा को 2001 रुपये डॉ धीरेंद्र वर्मा सुपर मल्टी स्पेशलिटी दांतघर द्वारा, नवम पुरस्कार पुष्पांजलि मानस मंडली खैदा को 1501 रुपए स्व. पार्वती वर्मा की स्मृति में पुत्र महेश्वर वर्मा द्वारा, दशम पुरस्कार हरिओम मानस मंडली सुढेला को 1001 रुपए स्व. फुलेता बाई वर्मा की स्मृति में नाती दुष्यंत वर्मा द्वारा एवं सभी विजेताओं को शील्ड लाला पान सेंटर मुंडा द्वारा दिया गया।

## कार्यक्रम 0: पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये तीन किस्तों में मिलेंगे

# पंचायतों में कृषि चौपाल का आयोजन, 27 तक मिलेगी किसानों को योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में कृषि विभाग एवं समवर्गीय विभागों द्वारा संयुक्त रूप से योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से 10 से 27 फरवरी तक कृषि चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। चौपाल में किसान उपस्थित होकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ ले सकते हैं।कृषि चौपाल का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित समस्याओं का निराकरण एवं पात्र शेष किसानों का सत्यापन कर नवीन पंजीयन करना है। योजना का उद्देश्य कृषि भूमि धारक पात्र कृषक परिवारों को कृषि आदान सामग्री की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत पंजीकृत पात्र कृषकों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की राशि दो-दो हजार की तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है।



### चना, मसूर व सरसों की एमएसपी पर खरीदी के लिए पंजीयन प्रारंभ

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य में चना, मसूर एवं सरसों फसलों की खरीदी हेतु जानकारी देना एवं पंजीयन करना। इस योजना हेतु जिले के 5 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बलौदाबाजार, अमेरा, धुर्राबांधा, सिमगा एवं कसडोल को अधिसूचित किया गया है। किसान, उक्त सहकारी समितियों अथवा ग्राहक सेवा केन्द्रों में संपर्क कर एनसीसीएफ की पोर्टल ई-समयुक्ति में अपना पंजीयन करा सकते हैं। साथ ही खरीफ फसलों हेतु उर्वरकों का अग्रिम उठाव अपने संबंधित सहकारी समितियों के माध्यम से वर्तमान में कर लेवें, ताकि बाद में उर्वरक की कमी की समस्या न हो।

### 1.27 लाख से अधिक किसानों को मिला लाभ

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत राज्य में सबसे अधिक 127367 किसानों को योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। कृषि चौपाल में पीएम-किसान योजना अंतर्गत किसानों के पंजीयन की स्थिति, ई-केवायसी, भूमि विवरण, बैंक आधार सीडिंग, संदिग्ध पंजीयनों की पहचान एवं सत्यापन तथा पंजीकृत हितग्राहियों द्वारा एग्री स्टेक के माध्यम से फार्मर आईडी निर्माण आदि की जानकारी से अवगत कराया जा रहा है जिससे कि आगे भी पीएम-किसान योजना का निरंतर लाभ प्राप्त कर सके। साथ ही पीएम-किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पंजीकृत लघु एवं सीमांत किसान जिनकी उम्र 18 से 40 वर्ष के मध्य है उन्हे केन्द्र सरकार की पेंशन योजना प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए, ग्राहक सेवा केन्द्रों के माध्यम से पंजीयन कराया जा रहा है ।

### उन्नत कृषि तकनीकों की दी जाएगी जानकारी

किसानों को शिविर में प्राकृतिक खेती की जानकारी प्रदान की जावेगी। साथ ही प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले आदान सामग्रियों के निर्माण एवं उपयोग तथा लाभ के संबंध में अवगत कराया जावेगा। किसान भाई खेती-किसानी के प्रयोग में आने वाली आदान सामग्रियों जैसे - खाद, उन्नत बीज, कृषि यंत्र, पौध संरक्षण, कीटव्याधि एवं उन्नत कृषि तकनीक आदि की जानकारी एवं सलाह प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कृषि कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उचित निराकरण करा सकते है

# गैरहाजिर रहने वाले आरक्षक बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से गैर हाजिर रहकर, अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने वाले आरक्षक क्रमांक 215 राहुल शर्मा को सेवा से पृथक कर दिया गया है। आरक्षक राहुल शर्मा पिछले वर्ष 5 अप्रैल से लगातार बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से गैरहाजिर रहना पाया गया। उक्त के संबंध में आरक्षक के विरुद्ध विभागीय जांच आदेशित किया गया, जिसमें अपचारी आरक्षक को विभागीय जांच की कार्यवाही में नियत तिथि को उपस्थित होने बार-बार नोटिस जारी करने तथा पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने के उपरांत भी आरक्षक जांच पर उपस्थित नहीं हुआ।

- आरक्षक की सेवा पुस्तिका में 14 बार कर्तव्य से गैरहाजिर रहना भी पाया गया

पिछले वर्ष 5 अप्रैल से आरक्षक राहुल शर्मा आज दिनांक तक कुल 311 दिवस तक अपने कर्तव्य से निरंतर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहा है। साथ ही अपचारी आरक्षक के सेवा पुस्तिका के अवलोकन पर उसके द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान कुल 14 बार कर्तव्य से गैरहाजिर रहना भी पाया गया।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा अपचारी आरक्षक क्रमांक 215 राहुल शर्मा के विरुद्ध लगाए गए आरोप की प्रमाणिकता के परिपेक्ष्य में समग्र अध्ययन उपरांत मध्य प्रदेश/छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1996 के नियम 10(8) एवं मध्य प्रदेश/छत्तीसगढ़ पुलिस मैनुअल एवं रेगुलेशन की कंडिका 221(अ) में दी गई शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, आदेश जारी होने की तिथि से रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में पदस्थ अपचारी आरक्षक क्रमांक 215 राहुल शर्मा को सेवा से पृथक करने का आदेश पारित किया गया है।

# आंगनबाड़ी सकरी में मनाया गया वजन त्योहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बच्चों में कुपोषण की स्थिति का आकलन करने और उन्हें स्वपोषित करने के लिए प्रतिवर्ष वजन त्यौहार का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्रो में किया जाता है। इसी कड़ी में 9 फरवरी से 18 फरवरी तक वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के निर्देशानुसार 9 फरवरी को ग्राम पंचायत सकरी में वजन त्यौहार मनाया गया। जिसमें 6 वर्ष से कम आयु तक के बच्चों का वजन लेकर उनके पालकों को जानकारी दी गई। साथ ही किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं को भी एनीमिया संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सकरी के सरपंच हरीश कुमार फेकर, हरिकिशन वर्मा सचिव, सुनीता वर्मा सुपरवाइजर, केंवरा यादव पंच, कमलेश्वर वर्मा पंच, रेखा टंडन पंच, लेखनी फेकर पंच,रेखा साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, निमेश्वरी वर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हितग्राही त्रिवेणी वर्मा, कामिनी, दुर्गा वर्मा, उमेश्वरी, सुमित्रा धीवर, धनेश्वरी, उमेश्वरी फेकर, कविता, नागेश्वरी, लीला फेकर, मुंगेरिया फेकर, नम्रता वर्मा, संध्या वर्मा, ममता फेकर, राजलक्ष्मी सहित काफी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी में वजन त्योहार मनाया गया



हथबंद। हथबंद के आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार मनाया गया। वजन त्योहार 09 फरवरी से 18 फरवरी तक मनाया जाएगा। वजन त्योहार एक प्रमुख जन अभियान है जिसमें 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन और ऊंचाई मापकर उनके पोषण स्तर की जांच करना है। गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं में एनीमिया के स्तर की जांच करना, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। यह त्योहार कुपोषण को दूर करने, बच्चों के स्वास्थ्य विकास की निगरानी करने और पलकों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। वजन त्योहार के अवसर पर जनपद पंचायत सिमगा की सभापति अंजू बबलू पटेल, सरपंच ढालेश्वरी, नरेश अनंत, सेक्टर सुपरवाइजर लक्ष्मी नायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा दुबे, कादंबनी शुक्ला, सुरेखा चतुरे, पायल चतुरे, सुशीला निषाद, रुखमणि लहरे, टिकेश्वरी, नंदनी, चित्ररेखा, पूर्णिमा, रमेशिया, शालिनी, करुणा, गायत्री, दशमत, सरस्वती, सोनकुमारी, आदि मातृशक्ति उपस्थित रही।

# छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बलौदाबाजार इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के व्यापारिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बलौदाबाजार इकाई के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू को अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर द्वारा बलौदाबाजार इकाई के गठन को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। चेंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी द्वारा जारी आदेश के अनुसार बलौदाबाजार इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई है, जिसका कार्यकाल वर्ष 2025 से 2028 तक निर्धारित किया गया है।

चेंबर द्वारा गठित नई इकाई में अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, संरक्षक मंडल में जुगल भट्टर, विपिन बिहारी वर्मा, हेमचंद केशरवानी, महेंद्र कुमार वर्मा, अशोक पंजवानी, नितेश जैन, नरोत्तम सोनी, लेखपाल जायसवाल, रामगोपाल केशरवानी, संजय पटेल को शामिल किया गया है। मुख्य सलाहकार के रूप में अभिषेक मिकी तिवारी को नियुक्त किया गया है, जबकि सलाहकार मंडल में लक्ष्मीनारायण केशरवानी, ईश्वर हरिशमानी, अजय गुप्ता, संजय नारायण केसरवानी, शेखर शुक्ला, शिवशंकर अग्रवाल, दिनेश वर्मा, प्यारे लाल सेन एवं अशोक सोनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इकाई के महामंत्री पद पर शिव प्रकाश तिवारी, मीडिया प्रभारी पद पर पत्रकार दलजीत सिंह चावला एवं पत्रकार दिलीप माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष पद पर लक्ष्मेंद्र अग्रवाल तथा उपाध्यक्ष पद पर शंकर दुलानी, उमेश अग्रवाल, नेतराम वर्मा, केशव सोनी, राकेश गुप्ता, पीयूष मिश्रा एवं दुर्गा प्रसाद जायसवाल को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मंत्रीगण निर्मल सिंह सलूजा, हीरा पंजवानी, ऋषभ जैन, राजेश केशरवानी, राजेश हलवानी, मनोज पाण्डेय लवन, शैलेन्द्र वर्मा पलारी। संयोजकगण त्रिभुवन साहू लवन, किशोर कुमार राठौर, शैलेष गुप्ता बलौदाबाजार, तुलसीराम साहू पलारी, अभिषेक साहू, चंद्र प्रकाश हरिशमानी, राजेश रोहरा, अशोक पंजवानी, दशरथ सिन्हा पलारी, सुभाष केशरवानी।

कार्यकारिणी सदस्य सुदेशकांत विश्वकर्मा, संदीप हलवानी, रजत राजन यादव, मुकेश वर्मा, जितेंद्र उडेसना, जितेंद्र जैन, राजेश साहू, शिवम साहू, अभिषेक मिरी, मास्केश गुप्ता, हरदीप सिंह सलूजा, राजेश कुमार हेमनानी, आयुष बरनवाल, सेवकराम धीवर, वासु ठाकुर, अनिल भगवानी, गोपाल जायसवाल, मो. साजिद चौहान, प्रलय शर्मा, आरिफ खान, सतवीर सिंह सलूजा, ईश्वर पंजवानी, अमित पंजवानी अंशु । चेंबर ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

## पेज 11 के शेष

### बेलगाम यातायात और ...

कि जब चारो ओर शहर ,नांदघाटरोड,सेमरिया घाट रोड और ओवर ब्रिज की ओर से वाहन आते है तब उन्हे चौक से पास करवाने के दौरान काफी मशक्कत भी करनी पडती है ऐसी दिन मे एक बार नही बल्कि कई बार बनती है।

इसी स्थान से सडक के उपर से होता है बसो का संचालन बस स्टैण्ड नही होने के करण यात्री बसे सडक किनारे से ही संचालित हो रही है जिससे और भी यहां की स्थिति खतनाक नजर आती है यहां से लगभग 150 से उपर टायमिंग की बसे बलौदाबाजार ,मुंगेली, नवांगढ, बेमेतरा, करहीबाजार आदि के लिए जाती है यात्री अपनी यात्रा सडक के किनारे खडी बसो मे सवार हो अपनी यात्रा शुरू करते है ,नागरिकों की मांग है कि भारी वाहनो का प्रवेश दिन मे न हो उनके लिए बायपास मार्ग की व्वस्था कर उन्हे उसी मार्ग से सेमरिया घाट होते बिलासपुर की ओर जाने की व्यवस्था की जाय। आम नागरिकों की समस्या को देखते हुए लोगों नें जिला पुलिस अधीक्षक से भाटापारा में ट्रैफिक बल बढ़ाकर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित किये जाने की मांग की है।

### कलेक्टर सहित अधिकारियों ...

कर्मचारियों की लगभग 400 की ड्यूटी लगाई जाएगी। 10 स्थानों पर अस्थायी मेडिकल कैम्प, 6 बेड का स्थायी अस्पताल,10 एम्बुलेंस, 30 वाहन पार्किंग, 9 पुलिस कंट्रोल रूम 250 अस्थायी टेप नल, 37 टैंकर 5 फायर ब्रिगेड आदि की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही मेले में जन सुविधाओं की जानकारी लोगों को आसानी से उपलब्ध कराने वेब साईट का भी निर्माण कराया जा रहा है।बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अभिषेक गुप्ता, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, तहसील जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के. जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### विदाई समारोह में ...

साबित हो सकता है। साथ ही बच्चों के परिजन अपने बच्चों की नियमित रूप से निगरानी करें, आजकल बच्चे सोशल मीडिया, रील आदि देखकर स्पीड बाइक चलाने एवं खतरनाक स्टंट करने के लिए उत्साहित होते रहते हैं। इसलिए उन्हें अच्छे बुरे के बारे में जानकारी दें, अपने नाबालिक बच्चों को किसी भी प्रकार से स्पीड बाइक अथवा वाहन चलाने ना दें।

### 43 पौवा गोवा ...

पिता सेनकुमार वर्मा 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 43 पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब कीमती 5160 रुपए एवं पुरानी इस्तेमाल पैशन प्रो सीजी 23 के 0871 जुमला कीमती 35160 को जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना लवन में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश न्यायिक रिमाण्ड लिया गया है। इसी प्रकार शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले शुकालू बंजारे पिता फिरंता 36 वर्ष साकिन ग्राम सरखोर थाना लवन के विरुद्ध थाना लवन में धारा 36 सी आबकारी एक्ट की कारवाई की गई।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह...

ज्यादा है, वहीं मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह से राज्य सरकार जिले के सभी पात्र वर वधु को विवाह के बंधन में बंधने के लिए अवसर देता है। कलेक्टर ने 50 हजार रूपये में से 35 हजार की राशि का प्रतीकात्मक चेक वर वधुओं को प्रदान किया, जो उनके बैंक खाता में शासन द्वारा दिया जाएगा।

### नगर में सघन ...

के नेतृत्व /"टीम शक्ति/" द्वारा सर्वप्रथम चक्रपाणि स्कूल एवं मिनीमाता कॉलेज बलौदाबाजार में पेट्रोलिंग कर वहां उपस्थित छात्राओं को अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से तथा समाधान शिकायत हेल्पलाइन के माध्यम से अपनी शिकायतों को दर्ज करने के संबंध में एवं उसके निराकरण के संबंध में जागरूक किया गया तथा समाधान हेल्पलाइन पंपलेट वितरण किया गया एवं साथ ही महिला अपराध एवं महिला अधिकार एवं महिला संबंधित विविध अधिनियमों के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया।

# शिवरीनारायण मेले में श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था

**गिधौरी।** माघी पूर्णिमा मेला के प्रारंभ दिनांक से ही माता शबरी की नगरी शिवरीनारायण स्थित केंवट निषाद समाज 34 परिक्षेत्र के प्रधान कार्यालय शिवरीनारायण केंवट मंदिर में मेला काल अवधि में सभी प्रकार के श्रद्धालुओं के लिए दिनभर भोजन भंडारा की नि:शुल्क व्यवस्था श्रद्धालुओं को तृप्त कर रही है। यह भोजन विगत कई वर्षो से लगातार जारी है। मंदिर पदाधिकारी केंद्रीय समिति शिवरीनारायण के तमाम पदाधिकारियों में सर्वारकर खोलबहरा राम कैवर्त्य, सरंक्षक बहरता राम कैवर्त्य, अध्यक्ष रामेश्वर कैवर्त्य, महासचिव रमेशचंद्र कैवर्त्य, कोषाध्यक्ष डॉ. सनथ कैवर्त्य, उपाध्यक्ष धनेश कैवर्त्य, रंजन कैवर्त्य, रामफल कैवर्त्य, जय प्रकाश कैवर्त्य सहित सभी 34 परिक्षेत्र के अध्यक्ष, सचिव सहित समस्त पदाधिकारियों का श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था को साकार बनाने में अलग अलग दिन ड्यूटी लगाए जाने से पदाधिकारी अपने अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए अलग अलग जिलों तहसील गांव से आए हुए श्रद्धालुओं को भोजन उपलब्ध कराने में उत्कृष्ट योगदान देते हुए आ रहे हैं।



सोमवार को सरंक्षक बहरता राम कैवर्त्य, महासचिव रमेशचंद्र कैवर्त्य, मस्तूरी परिक्षेत्र अध्यक्ष जगत राम कैवर्त्य, सचिव मनीराम कैवर्त्य, अध्यक्ष गोलू कैवर्त्य चंगोरी परिक्षेत्र, महिला संगठन उपाध्यक्ष संतोषी कैवर्त्य चंगोरी परिक्षेत्र लवन ने भोजन व्यवस्था संचालन में योगदान दिये।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
06 फरवरी 2026 SHOW TIME
बॉर्डर-2
शो समय -03:00, 06:00, 09:00 PM
सरकारी दमाद (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
मंगलसूत्र (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
गोदान
शो समय - 03:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# निर्मल मन ही ईश्वर प्राप्ति का सरल मार्ग है : पं. कीर्ति कुमार

## विदुर, सुलभा और भीष्म प्रसंगों से भक्ति का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम सेल मे आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस की कथा मे पं. कीर्तिकुमार पाण्डेय ने बिदुर के प्रसंग मे बताया की निर्मल मन ही ईश्वर प्राप्ति का सरल मार्ग है, रामचरित मानस मे बाबा तुलसीदास जी ने भी लिखा है निर्मल मन जन सो मोहि पावा मोहे कपट छल छिद्र ना भावा विदुर एवं सुलभा का प्रेम एवं भक्ति से उन्हें भगवान के प्रत्यक्ष दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ आगे भीष्म जी की कथा मे भी प्रेम एवं भक्ति की व्याख्या की गई आगे परीक्षित जन्म से लेकर उनके राज्य एवं कलयुग के प्रभाव से उनके श्राप तक की कथा का वर्णन किया गया इस सुचना के साथ आज की कथा विश्राम की गई।

यजमान महेश्वर प्रसाद साहू, सुषमा साहू गोविंद साहू, पार्वती साहू, राधा साहू, गौरी पांडे, रजनी साहू, कौशिल्य साहू, साधना जायसवाल, कौशिल्या जायसवाल, पल्लवी पांडे, स्वर्णलता डडसेना, खोलबहारा वर्मा, मोहरसाय जायसवाल, छेदीलाल जायसवाल, मयाराम साहू, मोहित साहू, प्रहलाद साहू, खंभन साहू, नारायण साहू, लकेश्वर साहू, चंदू साहू, गोलू साहू, फिरू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित हुए थे।





### कथा सुनने आये हुये सभी भक्तो को भोजन कराया गया

उसके बाद उनके पूर्वजो के पुण्य प्रताप से राजा परीक्षित की मुक्ति के लिए स्वयं शुकदेव महराज का आगमन हुआ राजा ने प्रसन्न होकर शुकदेव का आदर सत्कार किया उन्हें उचित आसन देकर अपनी मोक्ष का उपाय पूछा उसके पश्चात प्रथम दिवस की कथा मंगल आरती के साथ विश्राम की गई राधे राधे नव युवक एकता समिति द्वारा आज आरती के उपरांत सभी भक्तो के लिए भंडारे मे भोजन रूपी प्रसाद की व्यवस्था की गई थी जिसमे कथा सुनने आये हुये सभी भक्तो को भोजन कराया गया कल पुनः दूसरे दिवस की कथा मे कपिलोपाख्यान की कथा से लेकर माता सती एवं भगवान शिवजी की कथा संपन्न होंगी ।

## खबर संक्षेप



### डीएमएफ से सीसी रोड के लिए 20 लाख स्वीकृत

**मुंडा।** जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गिंदोला में डीएमएफ मद से सीसी रोड निर्माण के लिए 20 लाख की स्वीकृत हुई है। जिसका भूमिपूजन ग्राम पंचायत सरपंच सतीश कुमार डहरिया के द्वारा पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया। सीसी रोड बनने के बाद वार्डवासियों एवं ग्रामीणों को बारिश की दिनों में कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। डीएमएफ मद से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण के लिए गुड़ी चौक के पास से लेकर जयस्तंभ चौक तक के लिए 10 लाख एवं महामाया चौक से लेकर हीरा राम तेंदुसार के घर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति हुई है। भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच सतीश कुमार डहरिया के साथ सचिव हरिराम ध्रुव, पंचराम कुमार पटेल, प्रीतम कुमार पटेल, पंच प्रतिनिधि रोशन लाल डहरिया, रामखिलावन पटेल, ईश्वर प्रसाद पटेल, संतोष पटेल, हेमंत कुमार पटेल एवं ग्रामवासी मिथिलेश पटेल, सुरेश पटेल, वेद नारायण पटेल, गोलू पटेल, खिलेश्वर पटेल, कमलाबाई पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### घर के सामने से स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** घर के सामने रखी स्कूटी चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शंकर नगर निवासी निर्मला निषाद ने 12 दिसंबर 2025 को अपने वाहन प्लेजर क्र. सीजी04एमजे8903 को घर के सामने रखा था। दूसरे दिन 13 दिसंबर को उसने देखा कि स्कूटी उक्त जगह पर नहीं थी।

### पहल : बलौदाबाजार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया

# जम्बूरी में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्काउटर गाइडर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ जिला संघ बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा आयोजित बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन प्रमाणपत्र वितरण एवं जम्बूरी में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्काउटर गाइडर का सम्मान समारोह कार्यक्रम गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल बलौदाबाजार में 9 फरवरी को जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त (स्काउट) डॉ. संजय गुहे के मार्गदर्शन में राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रामाधार पटेल, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, जिला सदस्य नीरज बाजपेयी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना, प्रार्थना से प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों का स्कार्फ से स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने जिले में बेसिक स्काउट मास्टर एवं गाइड के कैप्टन के नव प्रशिक्षित शिक्षकों का हार्दिक अभिनंदन एवं उन्हे प्रमाण प्रत्र प्रदान करते हुए कहा कि स्काउटिंग का भविष्य जिले में आप सबके योगदान से और बेहतर हो सकेगा। आप सब की सक्रियता से हम अपने जिले को प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुंचाने में सफल हो पाएंगे। अतिथियों ने रोवर रेंजर के प्रथम राष्ट्रीय जम्बुरी की सफलता के लिए प्रदेश नेतृत्व का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करते हुए अपने जिले से सेवा व्यवस्था के लिए गए स्काउटर गाइडर एवं रोवर रेंजर का धन्यवाद ज्ञापित भी किया।

उक्त कार्यक्रम में लीडर ट्रेनर इनु राम वर्मा, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, नेहा उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त मनीष बघेल, रजनीकला पाटकर, विकासखण्ड सचिव चूड़ामणि वर्मा, संजीव पटेल, धनेश्वर वर्मा, जे आर बारले, श्रवण सिंगरौल एवं संयुक्त विकासखण्ड सचिव आरती सार्वा, माधुरी श्रीवास सहित बड़ी संख्या में स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राज्य मुख्यालय आयुक्त एवं जिला सचिव डॉ जगदीश हीरा साहू एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार ने किया। आभार प्रदर्शन आरती सार्वा ने किया।



### स्काउटर गाइडर को ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया

कार्यक्रम में उपस्थित सभी सफल बेसिक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन को अतिथियों के करकमलों से प्रमाणपत्र वितरण किया गया। इसी कड़ी में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी 2026 में जिला बलौदाबाजार का प्रतिनिधित्व करने वाले समस्त स्काउटर गाइडर को ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिले के सम्मानित पदाधिकारियों को भी ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित स्काउटर गाइडर ने अपना अनुभव व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण छात्रों ने देखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा के द्वितीय भाग का विशेष प्रसारण किया गया। कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से देखने एवं समझने के लिए विद्यालय परिसर में उचित एवं उपयुक्त दृश्य-श्रव्य सामग्री की समुचित व्यवस्था की गई थी। एलईडी स्क्रीन, प्रोजेक्टर तथा ध्वनि प्रणाली के माध्यम से प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया, जिससे वे कार्यक्रम से गहराई से जुड़ सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने प्रधानमंत्री द्वारा द्वितीय भाग में दिए गए संदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन का अंत नहीं, बल्कि स्वयं को परखने और आगे बढ़ने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा की तैयारी करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर ने प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए मार्गदर्शन बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, निरंतर अभ्यास एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि सही दिशा में किया गया परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। संपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सीधे विद्यार्थियों तक पहुंचाकर उनके मन से परीक्षा का भय दूर करना तथा उन्हें आत्मविश्वास, प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाना रहा।

# व्यावसायिक छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी भाटापारा में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत कृषि और आईटी ट्रेड संचालित किये जा रहे हैं। इसी के तहत कृषि के 11वी व 12वीं के छात्र छात्राओं को 10 दिवस का इंटर्नशिप कार्यक्रम पोल्ट्री फार्म, मत्स्य पालन, राइस मिल, पोहा मिल तथा आई टी के छात्रों को चॉइस सेंटर में कराया गया 6 वर्षों से चलित आईटी एवं कृषि ट्रेड सभी छात्राओं को नवीन तकनीक की जानकारी उपलब्ध कराया वहीं समय-समय पर शैक्षणिक गतिविधियों व अन्य कृषि तथा मशीन आदि क्रियाकलापों को कराया जाता है। इस वर्ष कृषि और आईटी ट्रेड के 11वीं 12वीं के छात्र के सभी छात्रों को प्रोत्साहन राशि और प्रमाण पत्र वितरित किया गया इस दौरान प्राचार्य डी के शर्मा, वरिष्ठ व्याख्याता एच के साहू, एच एल साहू, ए के खरे शुभा शर्मा ,रेनू शर्मा चंद्रकांत बागडे ,राकेश वर्मा ,हुलसी वर्मा साथ में व्यावसायिक प्रशिक्षक गजेंद्र कुमार साहू एवं गिरजा शंकर तिवारी उपस्थित थे।



# बजट पर महिला जनसंवाद का आयोजन



**खरोरा।** रायपुर जिला ग्रामीण जिलाध्यक्ष रश्मि वर्मा के नेतृत्व में बजट 2026-27 पर महिला संवाद का कार्यक्रम 9 फरवरी को खरोरा में हुआ। इस कार्यक्रम में जिला प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा शीतल नायक, जिला महामंत्री द्वय ललिता वर्मा, संतोष शुक्ला, जिला मिडिया प्रभारी नरेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी, नवापारा नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, उपाध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा सुमित सेन, पूर्णिमा धनकर, कांति सेन, रानी जैन, हीरा वर्मा, रानी साहू, माधुरी साहू, कविता साहू, सीता साहू, एवं समस्त महिला मोर्चा की कार्यकर्ता उपस्थिति रहे और महिलाओं को बताया गया की यह बजट 2047 के विकसित भारत की हमारी ऊंची उड़ान का आधार है।

# पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ विकासखंड के अंतर्गत स्थित पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में शासन के निर्देशानुसार फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का सफल आयोजन किया गया।

अभियान के तहत विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को निर्धारित दवा खिलाकर फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक अरुण कुमार टण्डन सहित शिक्षकगण त्रिलोक हरिप्रिय, संतोष कुमार साहू, राजकुमार जांगड़े, रामकुमार दिनकर एवं समीर नागेश की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रम्भा बाई एवं प्रमिला बंजारे, साथ ही मितानिन कौशिल्या सोनवानी एवं सुकृता टण्डन का विशेष योगदान रहा। अभियान के दौरान बच्चों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण एवं बचाव की जानकारी सरल भाषा में दी गई। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

# स्मार्ट मीटर पखवाड़ा पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड भाटापारा द्वारा राज्य भर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा 9 से 23 फरवरी तक आयोजन किया जा रहा है। इसके अनुसार 9 फरवरी को भाटापारा में भाटापारा जोन कार्यालय द्वारा नाका नंबर 01 बिजली तिराहा एवं फव्वारा चौक में नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे बताए गए एवं उन्हें मोबाईल एप के द्वारा फीड बैक दिए जाने हेतु जागरूक किया गया एवं स्मार्ट मीटर की भ्रांतियों को दूर किया गया। इसके अलावा उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर मीटर फीडबैक फॉर्म में मीटर के फायदे पर प्रश्नावली एवं सुझाव मांगे गए जिसमे उपभोक्ताओं द्वारा रूची दिखाई गयी। नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम के दौरान टाटा पॉवर प्लस कंपनी के अधिकारी/कर्मचारी एवं भाटापारा जोन कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता पुनीत शुक्ला अपने स्टॉफ के साथ उपस्थित थे ।

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# लेवई में एमडीए कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



- सरपंच और स्वास्थ्य अधिकारियों ने खिलाई दवा

10 फरवरी को ग्राम पंचायत लेवई में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों से मुक्त करना और जन-स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सरपंच गायत्री गोविन्द ध्रुव द्वारा स्वयं दवा खाकर और ग्रामीणों को दवा खिलाकर इस महत्वपूर्ण अभियान का इनॉग्रेशन किया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिसमे डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी खंड चिकित्सा अधिकारी, संध्या दीवान कार्यक्रम प्रबंधक, अरविंद वर्मा ब्लॉक प्रशिक्षण अधिकारी, रुद्रदेव वर्मा सुपरवाइजर, सरोजिनी साहू जिला सलाहकार, कौशलेश तिवारी सलाहकार, केशव ढीमर शामिल हुए। अभियान के दौरान अधिकारियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की देखरेख में समस्त ग्राम वासियों को दवा का सेवन कराया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी ने बताया कि एमडीए कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और हाथीपांव (फाइलेरिया) जैसे रोगों के उन्मूलन के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा भी बूथ में दवा सेवन किया गया स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु जिलों के विभिन्न शहरों में 05 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 10 फरवरी से 13 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
83700 49468
90983 24969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर